कार्यालय वनमंडलाधिकारी, पूर्व छिंदवाड़ा वनमंडल छिंदवाड़ा

E-mail ID :: dfotechwara@mp.gov.in P.- (07162)243457, Fax (07162)242267

क्रमांक/मा.चि./2021/ 253 छिंदवाड़ा, दिनांक/ 23/01/2021

प्रति,

कार्यपालन यंत्री

लोक निर्माण विभाग (भ/स)

संभाग छिंदवाड़ा

विषय :– तंसरा से नोनिछापर मार्ग लम्बाई 7.50 कि.मी. का निर्माण कार्य वनक्षेत्र में करने हेतु अनुमति प्राप्त करने बाबत्। प्रस्ताव कमांक/FP/MP/ROAD/46086/2020 ।

संदर्भ :– आपका पत्र कमांक/355 दिनांक 18.01.2021।

उपरोक्त संदर्भित पत्र के तारतम्य में लेख है कि, विषयांकित प्रकरण में प्रभावित वनभूमि 3.082 हे. के बदले गैर वनभूमि ग्राम लहगडुआ प.ह.नं. 30 तहसील तामिया स्थित खसरा कमांक 71/1 रकबा 53.754 हे. मद पहाड़ चट्टान में से समतुल्य भूमि 3.082 हे. गैर वनभूमि उप वनमंडलाधिकारी तामिया के प्रतिवेदन अनुसार रोपण हेतु उपयुक्त पाये जाने पर न्यायालय कलेक्टर छिंदवाड़ा के आदेश राजस्व प्रकरण कमांक/0003/अ–19(4)/2020–21 दिनांक 11.01.2021 से हस्तांतरित आदेश की प्रति संलग्न की गई है एवं एफ.आर.ए. का प्रमाण पत्र दोनों दस्तावेजों की प्रति पोर्टल पर अपलोड की गई है बाबत् अवगत कराया है। विषयांकित प्रकरण में आपके द्वारा निम्नानुसार जानकारी उपलब्ध कराना है –

01. भूमि हस्तांतरण आदेश संशोधित कराना है, क्योंकि उक्त प्रकरण के बदले गैर वनभूमि 3.082 हे. ग्राम लहगडुआ तहसील तामिया पश्चिम वनमंडल छिंदवाड़ा के अंतर्गत आने के कारण उक्त आदेश वनमंडलाधिकारी पश्चिम छिंदवाड़ा के नाम से तैयार करना है।
02. वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु उपयुक्ता प्रमाण पत्र।
03. प्रस्तावित भूमि के अक्षांश / देशांस सहित पॉलीगान मैप एवं के.एम.एल. फाईल तैयार कर साफ्ट कापी एवं हार्डकापी में प्रस्तुत करें।
04. पटवारी मानचित्र एवं फार्म पी–2
05. प्रस्तावित क्षेत्र को सर्वे ऑफ इंडिया के मानचित्र में दर्शाकर प्रेषित करें।

उपरोक्त बिन्दुओं की जानकारी शीघ्र प्रस्तुत करें,ताकि प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही पूर्ण की जा सके।

वनमंडलाधिकारी

पूर्व छिंदवाड़ा वनमंडल छिंदवाड़ा

पृष्ठा.क्रमांक/मा.चि./2021/ 254 छिंदवाड़ा, दिनांक/ 23/01/2021

प्रतिलिपि :–

01. मुख्य वन संरक्षक छिंदवाड़ा वन वृत्त की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
02. कलेक्टर जिला छिंदवाड़ा की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
03. वनमंडलाधिकारी पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित कर लेख है कि, उपरोक्तानुसार प्रभावित वन भूमि के एवज् में गैर वनभूमि ग्राम लहगडुआ प.ह.नं. 30 तहसील तामिया स्थित खसरा कमांक 71/1 रकबा 53.754 हे. मद पहड़ चट्टान में से समतुल्य भूमि 3.082 हे. का वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु उपयुक्ता प्रमाण पत्र एवं वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना तकनीकी स्वीकृति प्राप्त कर प्रेषित करना सुनिश्चित करें। साथ ही आवेदक से उपरोक्त बिन्दुओं की जानकारी भी प्राप्त करें।

वनमंडलाधिकारी

पूर्व छिंदवाड़ा वनमंडल छिंदवाड़ा

21/1/2021